Title: Need to ensure that Food Corporation of India purchase wheat at remunerative prices in Bhind district of Madhya Pradesh.

डा. राम लखन सिंह (भिण्ड): सभापति महोदय, मध्य प्रदेश के भिण्ड जनपद में किसानों का गेहूं भारतीय खाद्य निगम द्वारा नहीं खरीदा जा रहा है और घटिया गेहूं बताकर किसान को वापिस कर दिया जाता है जिसके कारण किसान बहुत परेशान हो रहा है। जब किसान वही गेहूं व्यापारी के पास ले जाता है तो व्यापारी किसान का गेहूं बहुत ही सस्ते दामों में खरीद लेता है और भारतीय खाद्य निगम को अच्छे दामों पर बेच देता है, जिससे व्यापारियों को अधिक लाभ प्राप्त होता है और गेहूं का उत्पादन करने वाले किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है, जबकि सरकार किसानों को उनकी फसल का उचित लाभ पहुंचाना चाहती है।

अतः आपके माध्यम से संबंधित मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहता हूं कि मध्य प्रदेश के भिण्ड जनपद के किसानों का गेहूं भारतीय खाद्य निगम उचित मूल्य पर खरीदे ताकि किसानों को सस्ते दामों पर व्यापारियों को न बेचना पड़े।